Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

में व्यक्ति के कर्त्तव्य क्या होने चाहिये।

प्रकरण में शामिल मुद्दे

(क) कार्यालय के डिजाइन में पुनर्निमाण का मुद्दा

(ख) वापिस फिरियस कॉर्प मुख्यालय से संपर्क करना मिस्टर 'y' के गुस्से का कारण बन सकता है

(ग) व्यावसायिक नैतिकता के आधार पर नैतिक मूल्यों - सत्यनिष्ठा, जवाबदेहिता, लोक-समाज के प्रति दायित्व।

(घ) मुकदमेबाजी में फँसने का मुद्दा।

(ङ) अपनी गलती स्वीकारने व सुधार करने का मुद्दा।

उपर्युक्त सभी मुद्दों में सर्वाधिक प्राथमिकता कार्यालय के डिजाइन को परिवर्तित करने की होगी क्योंकि -

(क) 'हनुमानदास खत्री मामले 2001' में सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार किसी व्यवसाय के द्वारा नैतिकता को नुकसान पहुँचाने वाले पर

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सख्त कार्यवाही की जानी चाहिये। अतः व्यावसायिक नैतिकता को बचाना जरूरी है।

(ख) 'लोगों की जान बचाने' के लिये ऐसा किया जाना अनिवार्य है जो अन्य किसी भी हित व स्वार्थ से ऊपर है।

सलाह

श्री x को दी जाने वाली सलाह

① मिस्टर Y के संपर्क करना व उन्हें बताना।

② अपनी गलती के लिये माफी मांगते हुए सुधार की बात करना।

③ सुश्री 'Z' की विशेषज्ञता को लेते हुए नये डिजाइन की योजना बनाना।

④ चूँकि अनुबंध राशि में आपको यह कार्य करना था अतः 'मिस्टर Y' को यह बताने के लिये कहना कि उनसे अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

⑤ उनका लाइसेंस किसी की भी जान से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कारण

(क) ऐसा करके उन्हें 'आत्मसंतुष्टि का अनुभव' होगा।

(ख) यदि वे स्वयं ऐसा करेंगे तो-

- सत्यनिष्ठा का मूल्य दिखेगा

- संवेदना का मूल्य दिखेगा।

(ग) कांट के 'सार्वभौमिकता के नियमानुसार' वे भी इस परिस्थिति में स्वयं के साथ वही व्यवहार अपेक्षित करते।

(घ) उन्हें तर्क दूंगा कि हर मनुष्य गलती कर सकता है। बस उसे सुधारने की मानसिकता होनी चाहिये।

मिस्टर 'y' को सलाह

(क) मिस्टर 'x' की बात ध्यान से सुने।

(ख) उन्हें अपनी गलती सुधारने का मौका दें।

(ग) गलती के लिये जुर्माना लगाया जा सकता है।

(घ) भवन में छोटा सुधार भविष्य में मददगार है।

कारण :- ~~चूंकि~~ महात्मा गांधी ने कहा था कि हर अपराधी को अपनी गलती सुधारने

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

का एक मौका अवश्य दिया जाना चाहिये।
(ख) यह उनकी कंपनी, उसके कर्मचारियों, कंपनी की ब्रान्ड इमेज व आस-पास के लोगों सहित कार्पोरेट गवर्नेंस के लिये आवश्यक है।

इस प्रकार दोनों स्वरों के साथ दोनों को सलाह दूंगा कि स्वतंत्र विशेषज्ञों की मदद लेकर भवन का पुनर्मूल्यांकन भी करवाया जाये ताकि छोटी त्रुटि भी न रहे।

उपर्युक्त सलाहों से निश्चित रूप से मैं इस विवाद को शांत कर कई जीवन बचाने में सफल रहूँगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**8.** In a recent survey around social and economic indicators, a certain state in the country was found grossly underperforming. The state is marred with the issues of poverty, hunger, social backwardness, lawlessness and underdevelopment. In about seven decades since gaining independence, this state has continued to perform poorly across various indices. In the past, the Chief Minister had set up a fact finding Committee to report on the chief causes of the backwardness of the State. After years of ground research and surveying, it was found that the one of the main causes of the state's backwardness was its huge population that amplified resource scarcity to unimaginable proportions. Taking a clue from the facts presented in the report, the State Cabinet constitutes a panel of policy makers to consider this question of growing population and suggest suitable revisions to the State's Population Policy. The Panel recommends legislating a Population Control Bill that has a contentious provision in the form of 'One Child' norm. You are the Chief of this Panel and the recommendations of the Panel require your approval to be tabled in the Chief Minister's Office.

In this context, answer the following questions:

**(a)** What are the ethical issues related to population control of a compulsory nature that you would consider before approving or rejecting the recommendation?

**(b)** What would be your course of action in the aforementioned case? Suggest reasons for the same. **(20)**

सामाजिक और आर्थिक संकेतकों के इर्द-गिर्द एक हालिया सर्वेक्षण में, देश में एक राज्य को बुरी तरह से आशा से कम प्रदर्शन करते हुए पाया गया। यह राज्य गरीबी, हंगर (भुखमरी), सामाजिक पिछड़ेपन, अराजकता और अल्पविकास की समस्याओं से ग्रसित है। स्वतंत्रता मिलने के बाद से करीब सात दशकों में यह राज्य विभिन्न सूचकांकों पर खराब प्रदर्शन करता आ रहा है। अतीत में, इस राज्य के मुख्यमंत्री ने राज्य के पिछड़ेपन के मुख्य कारणों पर रिपोर्ट देने के लिए एक तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया था। वर्षों के जमीनी अनुसंधान और सर्वेक्षण के बाद, यह पाया गया कि राज्य के पिछड़ेपन का एक मुख्य कारण इसकी विशाल जनसंख्या है जिसने अकल्पनीय अनुपात में संसाधनों की कमी को बढ़ाया है। रिपोर्ट में प्रस्तुत किए गए तथ्यों से सुझाव लेते हुए, राज्य मंत्रिमंडल ने बढ़ती जनसंख्या के इस प्रश्न पर विचार करने और राज्य की जनसंख्या नीति में उपयुक्त संशोधन का सुझाव देने के लिए नीति-निर्माताओं का एक पैनल गठित किया। पैनल ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की अनुशंसा की है जिसमें 'एक बच्चे' के मानदंड के रूप में एक विवादास्पद प्रावधान है। आप इस पैनल के प्रमुख हैं और पैनल की अनुशंसाओं को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए आपके अनुमोदन की आवश्यकता है।

इस संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** अनिवार्य प्रकृति के जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित वे नैतिक मुद्दे क्या हैं जिन पर आप अनुशंसा को अनुमोदित करने या अस्वीकार करने से पहले विचार करेंगे?

**(b)** उपर्युक्त मामले में आपकी क्या कार्रवाई होगी? इसका कारण बताएँ।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

प्रसिद्ध जनसंख्या विज्ञानी 'माल्थस' के अनुसार - प्रकृति के संसाधन सीमित हैं जबकि मानवीय इच्छाएँ एवं जनसंख्या वृद्धि उस सीमा से अधिक है। अतः उनके अनुसार जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है और यदि यह कार्य हम नहीं करेंगी तो प्रकृति द्वारा किया जायेगा। (आपदा युद्ध आदि के द्वारा)।" हालांकि इस सिद्धान्त को भी पूर्ण सत्य न मानकर इस पर विचार - विमर्श करने में निम्न मुद्दे हैं।

**प्रमुख नैतिक मुद्दे**

(i) जनसंख्या 'समस्या' है या 'समाधान' - चूंकि मानव संसाधन है अतः इसे समस्या माना जाये या समाधान।

(ii) **स्वतंत्रता का मुद्दा** :- मनुष्य को यह अधिकार होना चाहिये कि उसे कितना प्रजनन करना चाहिये या फिर इस पर भी 'सार्वजनिक हित' में निर्बंधन लगाया जा सकता है।

(iii) **प्राकृतिक नियमों की उपेक्षा** :- चूंकि प्रजनन का अधिकार प्राकृतिक अधिकार है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

अतः इस पर प्रतिबंध लगाना कितना युक्ति-संगत है।


(iv) विकास का मुद्दा :- चूंकि संसाधन सीमित है अतः बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण किस प्रकार लगाया जाये।

(v) बढ़ती कुरीतियों संबंधित मुद्दे :- एक बच्चे की नीति भविष्य में गर्भपात जैसी समस्यायें बढ़ा सकती है।

* कार्यवाही का स्वरूप *

① संपूर्ण डाटा व समिति रिपोर्ट पर विचार करना

- राज्य की जनसंख्या दर
- विकास का स्तर
- जनसंख्या ग्राफ में राज्य की स्थिति को आँकना (जनांकीकीय संक्रमण की स्थिति)




② शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ राज्य की कौशल विकास व्यवस्था का अध्ययन करना आवश्यक समझुंगा ताकि मानव संसाधन 'तंत्र' का जायजा ले सकूं।

③ जनसंख्या विशेषज्ञों के साथ प्रबुद्ध व्यक्तियों की भी राय ली जा सकती है।

④ अपने विवेक का अन्ततः प्रयोग कर मैं निम्न निर्णय लूँगा।

I. एक बच्चे की नीति व्यवहार्य नहीं क्योंकि-
- चीन में बढ़ती वृद्धों की समस्या जन्म।
- परिवार का छोटा आकार - एक बच्चे पर अधिक बोझ।
- मनोवैज्ञानिक तनावों में वृद्धि होगी।

II. दो बच्चों की नीति उचित है, लेकिन इसे बाध्यकारी न बनाकर समर्थनकारी बनाना।

बाध्यकारी बनाना

| पक्ष | विपक्ष |
| --- | --- |
| • जनसंख्या नियंत्रण | • ऊपर से अधिरोपित करना गलत। |
| • विकास अधिक | • जनता के विवेक पर निर्भर रहना ज़रूरी। |
| • संसाधन बचेंगे | • प्रतिक्रिया हो सकती है। |

'रूसो' ने कहा था कि व्यक्ति जन्म से स्वतंत्र है व उस पर अनावश्यक बंधन नहीं लगाये जाने चाहिये। इसके

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अलावा संपूर्ण भारत में समन्वयकारी नीति से आज यह वृद्धि दर कम हो रही है

- समन्वय के तत्व - विज्ञापन द्वारा प्रचार
  - वैवाहिक जोड़ों की सहायता।
  - मातृ स्वास्थ्य पर बल
  - गर्भ-निरोधक उपायों हेतु जागरूकता।

अन्य स्तरों पर सुझाव
→ शिक्षा
→ स्वास्थ्य
→ कौशल विकास
→ लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण।

अतः जे. एस. मिल के विचारों के अनुसार मैं राज्यगत नियंत्रण के बजाय व्यक्तिगत निर्णय के विवेक को महत्व देकर राज्य की भूमिका जनसंख्या नियंत्रण में समन्वयकारी बनाने पर बल दूंगा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**9.** You are working as a Divisional Forest Officer in an area which is home to tigers. Recently, there have been reports of a tiger venturing into agricultural fields and also killing livestock of villagers. Unfortunately, 2-3 villagers have been killed by some wild animals in last few weeks. Villagers claim that the tiger has killed their fellow villagers and request you to protect their lives and property by either relocating or killing the man-eater tiger. They also obstructed investigation of forest officials to ascertain whether it was the work of tiger or some other animals. Your attempts to trap the tiger have not been successful. Concerned over the delay in killing or relocating the tiger, villagers hire a private hunter to kill the tiger on their own and argue that they have a right to defend themselves and their property. In this context, answer the following questions:

**(a)** Identify the issues involved in this scenario.

**(b)** What steps would you take as the Divisional Forest Officer to ensure villagers' safety along with protection of tigers? **(20)**

आप एक ऐसे क्षेत्र में मंडल वन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं जो बाघों का निवास स्थल है। हाल ही में, खेतों में एक बाघ के घुसने और ग्रामीणों के पशुधन को नुकसान पहुँचने की खबरें आई हैं। दुर्भाग्य से, पिछले कुछ हफ्तों में कुछ जंगली जानवरों द्वारा 2-3 ग्रामीणों को मार डाला गया। ग्रामीणों का दावा है कि एक बाघ ने उनके साथी ग्रामीणों को मारा है और आपसे अनुरोध किया गया है कि या तो उस आदमखोर बाघ को स्थानांतरित करके या मार कर उनके जीवन और संपत्ति की रक्षा करें। उन्होंने यह पता लगाने के लिए वन अधिकारियों की जाँच में भी बाधा डाली कि यह बाघ का काम है या कुछ अन्य जानवरों का। बाघ को फंसाने या पकड़ने की आपकी कोशिशें सफल नहीं रही हैं। बाघ को मारने या स्थानांतरित करने में देरी से चिंतित होकर ग्रामीणों ने अपने दम पर बाघ को मारने के लिए एक निजी शिकारी की सेवाएँ ली हैं तथा उनका तर्क है कि उन्हें अपनी और अपनी संपत्ति की सुरक्षा करने का अधिकार है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** इस परिदृश्य में शामिल मुद्दों की पहचान कीजिए।

**(b)** बाघों की सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक मंडल वन अधिकारी के रूप में आप क्या कदम उठाएंगे?

मानव-पशु संघर्ष के उदाहरण
पेश करती यह केस स्टडी वर्णित करती है
कि किस प्रकार से इस प्रकार के मुद्दों में
व्यक्तिगत संपत्ति व जीवन के अधिकार व
प्राकृतिक जानवरों के विचरण व आवास के

अधिकार में संघर्ष पैदा होता है।

**प्रमुख मुद्दे**

**बाघ संबंधी**

1. जानवरों के विचरण के अधिकार का मुद्दा।
2. जानवरों के भोजन के अधिकार का मुद्दा।
3. उचित जाँच के बिना बाघ को पकड़ना

**ग्रामीण संबंधी**

1. संपत्ति व सुरक्षा के अधिकार का मुद्दा
2. कानून हाथ में लेने का मुद्दा। (बाघ का शिकार प्रतिबंधित)
3. प्रशासन हाथ में लेना। (निजी शिकारी)

**प्रशासनिक मुद्दे**

1. उचित व निष्पक्ष जाँच का अभाव।
2. शिकार हेतु प्रतिबंधित जीव को रोकना।
3. मानव पशु संघर्ष को रोकना

**मूल्यात्मक मुद्दे**

1. सत्यनिष्ठा बनाम संवेदना का मुद्दा
2. पर्यावरणीय मानववाद का मुद्दा,
3. पशु अधिकारों का मुद्दा।

इस मुद्दों व परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में मेरे द्वारा निम्न प्रकार से

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कार्यवाही की जायेगी -

बाघ सुरक्षा के संबंध में

अल्पकालिक

1. बाघ की खोज व बचाव करना।
2. बाघ द्वारा हिंसा की वस्तुनिष्ठ जाँच कराना।
3. निजी शिकारी को रोकना स्थानीय पुलिस की मदद लेकर उसे निबंध करना।
4. बाघ को मारने के बजाय उसे पकड़कर उसके व्यवहार पर अध्ययन कराना।

दीर्घकालिक

1. एक अध्ययन दल के द्वारा
→ मानव-बाघ संघर्ष के कारणों व बचाव-उपायों का विवेचन करना
→ बाघ के आसपास के पर्यावास का संपूर्ण मैप बनाकर उसके अनुरूप कार्यवाही करना।

ग्रामीण सुरक्षा के संबंध में

अल्पकालिक

1. तुरंत एक खोजी दल का गठन कर बाघ को पकड़वाना

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. अपनी भावनात्मक बुद्धिमता का प्रयोग कर उन्हें शिकार से रोकना। जिसमें अमुक तर्क दूंगा।

- बाघ भी प्राणी है। शिकार करना उसकी प्रवृत्ति है।
- बाघ शिकार करना कानून के विरुद्ध है।
- 'संवेदना' जैसे मूल्यों का उदाहरण दूंगा।
- उनकी 'सुरक्षा व्यवस्था' मजबूत बनाने का आश्वासन दूंगा।

दीर्घकालीन उपाय :- इस उपागम में संपूर्ण 'मानव-पशु संघर्ष' उपायों को अपनाना होगा।

(क) गांव के बाहर एक बाड़ का निर्माण करना।

(ख) ग्रामीणों को इस समस्या से निपटने का प्रशिक्षण देना।

(ग) यूनेस्को के 'लैंडस्केप एप्रोच' का प्रयोग संघर्ष कम करने व जागरूकता सृजन में।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(घ) कर्नाटक मॉडल :- ग्रामीण परिवेश के बाहर बाड़. के रूप में मधुमक्खी के छत्तों को लगाना । आग या क्रिस्टेलिटिंग ब्लास्ट का प्रयोग ।

और अन्त में एक निष्पक्ष जाँच द्वारा सुनिश्चित करूँगा कि क्या ऐसा बाघ ने किया है और यदि किया है तो ऐसा करने का क्या कारण है।

अतः पर्यावरणीय केन्द्रवाद के अनुरूप मैं मानव व पशु दोनों को बचाकर उपर्युक्त कार्यवाही प्रक्रिया से सामंजस्य निर्माण कर सकता हूँ ।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**10.** You are a District Magistrate of an area which has seen a huge surge in COVID-19 cases during the second wave of pandemic in India. The health infrastructure is already overburdened. Hospitals are overwhelmed, crematoriums and burial sites are regularly running out of space, and covid testing is struggling to meet the demand. Also, the vaccination drive is at the risk of going off-track due to the demand-supply mismatch. During this difficult time, you come to know that there are some people who are engaging in black marketing, hoarding and profiteering by using every trick in the book to cheat, ransom and swindle Covid-19 patients and their kin in the name of scarcity of drugs, oxygen and hospital beds.

Black marketing, hoarding and profiteering are a classic case of market failure, which highlights the significance of state intervention in a crisis situation. How can state effectively play the role of a regulator as well as service provider in such cases of market failure? **20**

आप एक ऐसे क्षेत्र के जिलाधिकारी हैं जिसने भारत में महामारी की दूसरी लहर के दौरान कोविड-19 के मामलों में भारी वृद्धि देखी। स्वास्थ्य अवसंरचना पर पहले से ही अधिक बोझ है। अस्पतालों में भीड़ लगी है, शवदाहगृहों और शवाधान स्थलों में नियमित रूप से जगह की कमी चल रही है तथा कोविड की जाँच संबंधी माँग पूरी नहीं हो पा रही है। साथ ही, माँग-आपूर्ति असंतुलन के कारण टीकाकरण अभियान का पटरी से उतरने का खतरा बना हुआ है। इस कठिन समय में, आपको पता चलता है कि कुछ लोग दवाओं, ऑक्सीजन और अस्पताल में बिस्तर की कमी के नाम पर कोविड-19 के रोगियों एवं उनके परिजनों को ठगने के लिए धोखा देने, धन ऐंठने और अन्य तरीकों से भी जालसाजी करने हेतु कालाबाजारी, जमाखोरी व मुनाफाखोरी में लिप्त हैं।

कालाबाजारी, जमाखोरी व मुनाफाखोरी बाजार की विफलता का एक आदर्श उदाहरण है, जो संकट की स्थिति में राज्य के हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित करता है। बाजार की विफलता के ऐसे मामलों में राज्य प्रभावी ढंग से कैसे विनियामक होने के साथ-साथ सेवा प्रदाता की भी भूमिका निभा सकता है?

वस्तुत! बाजार मॉडल मुनाफे से प्रेरित होता है और जब यही मॉडल अनैतिक मूल्यों से ग्रसित हो जाता है तो 'अंधे मुनाफे' के चक्कर में अमानवीय कृत्यों में भी लिप्त हो सकता है। जमाखोरी

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कालाबाजारी आदि इन्हीं कृत्यों का उदाहरण है जिनमें दूसरे के जलते घर पर अपनी रोटियां सेकने का भाव शामिल है।

**बाजार की विफलता**

मांग ↑↑ → आपूर्ति कम

- → वस्तु मूल्य में वृद्धि
- → वस्तु प्राप्ति हेतु मारकाट

आपूर्ति कम ↓ कुछ व्यक्तियों द्वारा जमा करना व उच्च मूल्यों पर बेचना

→ कालाबाजारी

**राज्य की भूमिका** :- विनियामक के स्तर पर राज्य निम्न कार्य कर सकता है-

कालाबाजारी रोकने हेतु

(क) पुलिस, प्रशासन, नागरिक समाज के प्रभावी समन्वय से -

→ कालाबाजारी के खिलाफ प्रचार करना।

→ कड़ी कार्यवाही का संदेश देना।

→ छापेमारी, रेड के द्वारा इस

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

प्रकार के कृत्यों को हतोत्साहित करना

- 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' में प्रमुख वस्तुओं के समावेशन द्वारा कानूनी अंतराल को पूरा करना।

दंड → • भारी जुर्माना लगाकर ऐसे माफिया को हतोत्साहित करना।
- जमीनी स्तर के नेटवर्क के द्वारा ऐसे लोगों का पता लगाना।

हेल्पलाइन: एक 24×7 हेल्पलाइन जारी करना ताकि कोई भी शिकायत का तुरंत व प्रभावी सामना किया जा सके।

युद्ध स्तर पर कार्य :- एक टीम का गठन जो आवश्यक वस्तुओं की मांग व आपूर्ति का प्रभावी आकलन कर राज्य को सूचना दे।

राज्य की भूमिका : सुविधाप्रदाता

कोरोना महामारी के दौरान महाराष्ट्र में

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

द्वितीय लहर में जिस प्रकार का आपूर्ति प्रबंधन देखा गया, वह उत्कृष्ट उदाहरण है। निम्न स्तर पर कार्य

1. पहचान : आवश्यक वस्तुओं के 'स्टॉक' व 'फ्लो' की पहचान।

(2) डेटा : संपूर्ण डेटा डिजीटल प्लेटफॉर्म पर रखना।

(3) नागरिक सहभागिता :- NGO आदि की मदद से एक प्रशासन — नागरिक समिति जिसमें उस क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञ संपूर्ति आपूर्ति तंत्र की निगरानी करें।

(4) आपात स्थितियों में शक्तियों का प्रयोग कर विभिन्न संयंत्रों पर उद्यमों में 'पर्यवेक्षण अधिकारियों' की नियुक्ति कर उनका उचित संचालन सुनिश्चित करें।

(5) तकनीक :- वस्तुओं के आवागमन वाहनों पर GPS आदि द्वारा ट्रैकिंग सुनिश्चित करना।

(6) हेल्पलाइन का गठन — 24×7

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

⑦ मीडिया प्रबंधन
- भय की भावना के शमन हेतु।
- आपूर्ति साधनों की पारदर्शिता।

⑧ वस्तु आपूर्ति में प्राथमिकता अत्यधिक सीरियस' या ज़रूरतमंद को मिले।

अन्त में प्रभावी जागरूकता वाहनों व विज्ञापनों (TV व Social Media) के द्वारा जनता को संवेदनशील बनाने की व प्रभावी मदद करने की गुहार लगाकर इस समस्या में प्रभावी कार्य किये जा सकते हैं तथा भविष्य में ऐसी घटना न हो इस हेतु उपाय करने चाहिये।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**11.** You work as a marketing consultant for a multinational company that specializes in various products including nutrient supplements, diet pills etc. The company pays its employees extremely well and provides satisfactory fringe benefits. Your manager has hinted that he will recommend you for overseas company transfer, which will improve your job profile. This has motivated you to work harder and perform better.

The company has to advertise and sell a new weight loss pill 'X'. As per in-company research, it has minimal or no side effects and has no adverse impacts on health, which is its unique selling point (USP). You are given the responsibility of heading the marketing team for advertising pill 'X'. Due to a well-crafted marketing strategy including endorsement by a renowned celebrity, the product has generated considerable public attention. However, while working on an advertisement campaign for the pill, you find out that the in-company research findings of pill 'X' are fabricated. While it indeed has no side-effects, there are no proven benefits of taking the pill as well. It merely acts as a placebo.

When you bring up the issue with your manager, he promptly tells you to keep the facts to yourself. He also indirectly brings up the fact that your performance review date is approaching and hints that you will get transferred overseas if you prove your loyalty to the company.

Based on the given information, address the following:

**(a)** Identify the stakeholders in this situation.

**(b)** State the ethical issues that arise in this case.

**(c)** Discuss your options in this scenario and mention your next step.

**(20)**

आप पोषक तत्व पूरक आहार, डाइट पिल्स (आहार की गोलियों) आदि सहित विभिन्न उत्पादों में विशेषज्ञता प्राप्त एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के लिए विपणन सलाहकार के रूप में काम करते हैं। कंपनी अपने कर्मचारियों को बहुत अच्छा वेतन देती है और संतोषजनक अतिरिक्त लाभ भी प्रदान करती है। आपके प्रबंधक ने संकेत दिया है कि वह आपकी विदेश में स्थित कंपनी में स्थानांतरण के लिए अनुशंसा करेगा, जिससे आपकी जॉब प्रोफाइल में सुधार होगा। इसने आपको और अधिक मेहनत तथा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है।

कंपनी को वजन घटाने वाली एक नई गोली 'X' का विज्ञापन और बिक्री करना है। अंत:-कंपनी अनुसंधान के अनुसार, इसका कम से कम या कोई दुष्प्रभाव नहीं है और इसका स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है, जो इसकी विक्रय की खास खूबी है। आपको गोली 'X' का विज्ञापन करने के लिए विपणन टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी जाती है। एक प्रसिद्ध सेलिब्रिटी द्वारा विज्ञापन सहित अच्छी तरह से तैयार की गई विपणन रणनीति के कारण, इस उत्पाद ने जनता का काफी ध्यान आकर्षित किया। हालांकि, इस गोली के लिए एक विज्ञापन अभियान पर काम करते हुए, आपको पता चलता है कि गोली 'X' का अंत:-कंपनी अनुसंधान निष्कर्ष मनगढ़ंत या जाली है। हालांकि, इसका वास्तव में कोई दुष्प्रभाव नहीं है, लेकिन इस गोली का कोई प्रमाणित लाभ भी नहीं है। यह केवल प्रायोगिक औषध के रूप में कार्य करती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

जब आप यह मुद्दा अपने प्रबंधक के सामने लाते हैं, तो तुरंत आपको तथ्यों को अपने तक सीमित रखने के लिए कहा जाता है। परोक्ष रूप से यह इंगित किया जाता है कि आपके प्रदर्शन की समीक्षा की तारीख निकट आ रही है और संकेत दिया जाता है कि यदि आप कंपनी के प्रति अपनी निष्ठा सिद्ध करेंगे तो आपको विदेश स्थानांतरित कर दिया जाएगा।


दी गई जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** इस स्थिति में हितधारकों की पहचान कीजिए।

**(b)** इस प्रकरण में उत्पन्न होने वाले नैतिक मुद्दों का उल्लेख कीजिए।

**(c)** इस परिदृश्य में अपने विकल्पों की विवेचना कीजिए और अपने अगले कदम का उल्लेख कीजिए।

किसी भी उत्पाद निर्माता की क्या - जिम्मेदारियाँ होती है एवं उसके कर्मचारियों के विभिन्न हितधारकों के प्रति क्या कर्तव्य होते हैं। इन सभी के इर्द- गिर्द इस केस अध्ययन को बुना गया है।



Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

प्रमुख नैतिक मुद्दे

① मेरे लिये
- व्यक्तिगत लाभ बनाना सामाजिक (उपभोक्ता) लाभ का मुद्दा।
- प्रमोशन का लाभ लूँ या जनता के स्वास्थ्य का ध्यान दूँ।

② कंपनी के लिये
- लाभ के लिये उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का मुद्दा।
- 'फर्जी रिसर्च' कर सूचना असंगता व जानने के अधिकार का मुद्दा।

③ कानूनी मुद्दे
- 'उपभोक्ता संरक्षण नियम' के उल्लंघन का मामला।
- किसी सेलिब्रिटी द्वारा गलत विज्ञापन करने का मामला।

④ व्यापक समाज के मुद्दे
- किसी समाज में उपभोक्ता अधिकारों के मुद्दे।
- कंपनी पर 'लोक विश्वास' के मुद्दे।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

विकल्प

(क) प्रबंधन की बात मान लूँ व चुप रहूँ

लाभ
- वेतन वृद्धि
- पदोन्नति

हानि
- अंतरात्मा का संकट।
- केवल अपने हित में किसी के स्वास्थ्य से नहीं खेला जा सकता।

(ख) अपने प्रबंधक को लिखित में शिकायत भेजना व सह-कर्मचारियों को बताना

लाभ
- मेरी जिम्मेदारी बनती है।
- शिकायत करना ज़रूरी

हानि
- व्यापक गठजोड़ को देखते हुए कार्यवाही मुश्किल लगती है।
- प्रमोशन पर प्रभाव

(ग) नवाचारी उपागम - इसके मैं निम्न कार्य करूँगा।

① प्रबंधक को समझाना व दवा का तुरंत उत्पादन रोकना :-

तर्क दूँगा
- यह कंपनी की ब्रांड इमेज के खिलाफ है।
- इस गोपनीयता को हमेशा बरकरार नहीं रखा जा सकता।
- जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ उचित नहीं। अपने सह-कर्मचारियों को लेकर

में व्यापक मुहिम चलाऊँ। ताकि कंपनी यह उत्पादन बंद करे। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो -

(A) शिकायत → लिखित में कंपनी बोर्ड को → उपभोक्ता मंच पर।

(B) ज़रूरत पड़े तो 'मीडिया का सहारा' लेना अंतिम उपाय के रूप में।

तर्क :- मास्लो की 'आवश्यकता के सोपानक्रम' के अनुसार आत्मसम्मान 'उच्चतर ज़रूरत है।

(iii) सत्यनिष्ठा, संवेदना हेतु।

(iv) कन्फ्यूशियस के अनुसार- बुराई देखना बुराई की शुरुआत है।

और अन्ततः जहाँ तक नौकरी का सवाल है। मेरी ईमानदारी व मूल्य स्थायी हैं इन्हें बचाकर प्रमोशन न मिलना भी मेरे लिये उचित होगा, और हो सकता है कि मेरी इस कार्यवाही से मैं लोगों की जान बचा पाऊँ व आगे चलकर कोई और नैतिक कंपनी मुझे रोजगार दे दे।

**12.** The COVID-19 pandemic has forced universities, schools and other educational institutions around the world to shut down their campuses indefinitely and move their educational activities onto online platforms. These institutions were not prepared for such a transition and their online teaching-learning process evolved gradually. Though students considered online learning advantageous because of flexibility and convenience, there have been reports that the students prefer learning in physical classrooms to online education. The students feel that online education is stressful and affects their health and social life. Moreover, not all students have equal access to, and expertise on, digital technologies. Although these inequalities existed earlier, the COVID-19 pandemic has exposed this digital divide. Considering yourself as the Chairman of a Committee, constituted by the government, to suggest measures to improve the quality and accessibility of online education, answer the following questions:

**(a)** What are the key ethical issues at stake here?

**(b)** Highlight the principles and values that will guide your recommendations to the government.

**(c)** Suggest measures to improve the quality and accessibility of online education in the country. **(20)**

कोविड-19 महामारी ने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों, स्कूलों और अन्य शैक्षिक संस्थानों को अनिश्चित काल के लिए अपने परिसरों को बंद करने तथा अपनी शैक्षिक गतिविधियाँ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया है। ये संस्थान इस तरह के संक्रमण के लिए तैयार नहीं थे और उनकी ऑनलाइन शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया धीरे-धीरे विकसित हुई। हालांकि, छात्र लचीलेपन और सुविधा के कारण ऑनलाइन लर्निंग को लाभप्रद मानते हैं, लेकिन इस बात की रिपोर्टें आई हैं कि छात्र ऑनलाइन शिक्षा की तुलना भौतिक कक्षाओं में पढ़ना अधिक पसंद करते हैं। छात्रों को लगता है कि ऑनलाइन शिक्षा तनावपूर्ण है और उनके स्वास्थ्य एवं सामाजिक जीवन को प्रभावित करती है। इसके अलावा, सभी छात्रों की डिजिटल प्रौद्योगिकियों तक समान पहुँच और विशेषज्ञता नहीं है। हालांकि, ये असमानताएं पहले भी मौजूद थीं, लेकिन कोविड-19 महामारी ने इस डिजिटल खाई को उजागर कर दिया है। अपने आप को ऑनलाइन शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार लाने के उपाय सुझाने के लिए सरकार द्वारा गठित समिति का अध्यक्ष मानते हुए, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** यहाँ दांव पर लगे प्रमुख नैतिक मुद्दे क्या हैं?

**(b)** सरकार को की जाने वाली अपनी अनुशंसाओं का मार्गदर्शन करने वाले सिद्धांतों और मूल्यों पर प्रकाश डालिए।

**(c)** देश में ऑनलाइन शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार लाने के उपायों का सुझाव दीजिए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

महामारी ने हमारे जीवन में जिन ~~सु~~ चीजों में परिवर्तन किया है, उनमें यह क्षेत्र भी महत्वपूर्ण है। शिक्षा, कार्य, निर्णयों - सभी स्तरों पर डिजीटल तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है।

ऑनलाइन शिक्षा में नैतिक मुद्दे

(1) विद्यार्थी पक्ष

(क) सभी विद्यार्थियों के पास तकनीक पहुँच का अभाव -
- समावेशन व समता का मुद्दा।

(ख) तकनीकी जागरूकता का मुद्दा।

(ग) परिवेश व अन्तर्क्रियात्मक मुद्दे - ऑनलाइन वाद - विवाद. पूरक प्रश्न पूछना आदि कठिनाईयों के मुद्दे।

(2) शिक्षक पक्ष

(क) संपूर्ण विद्यार्थियों पर ध्यान न दे पाना।

(ख) प्रबंधन के मुद्दे।

(ग) व्यापक ज्ञान हस्तान्तरण न कर

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

पाने के मुद्दे।

शिक्षा व्यवस्था के मुद्दे

(क) सुविधा बनाम सामाजीकरण का मुद्दा।

(ख) मानसिक तनाव बनाम शिक्षित करने का मुद्दा।

(ग) भौतिक परिवेश के बिना सहभागिता, पारस्परिकता, लोकतंत्र जैसे मूल्य नहीं सीख पाते।

(n) अनुशंसाओं के सिद्धान्त व मूल्य

(1) समावेशन का सिद्धान्त :-

- महात्मा गांधी के अंत्योदय सिद्धान्त के अनुसार 'कोई भी पीछे न छूटे'।
- समता के आधार पर शिक्षा।

(2) स्वतंत्रता का सिद्धान्त :- संपूर्ण शिक्षा के बजाय चयन की स्वतंत्रता हो कि कितनी स्तर पर एवं कितने घंटे की शिक्षा ऑनलाइन दी जायेगी।

(3) 'डिजीटल सशक्तिकरण' का सिद्धान्त -

जो विद्यार्थी तकनीकी रूप से कम साक्षर है उन्हें साक्षरता दी जाये।

(4) मूल्यों के स्तर पर

- मदद का मूल्य :- धनी द्वारा गरीब की मदद करे (साधन व गैजेट शेयर कर)
- संवेदना का मूल्य :- पिछड़े व वंचित वर्ग भी शिक्षा प्राप्त कर सके।
- साझा करने का मूल्य :- गैजेट, नोट्स आदि।
- सत्यनिष्ठा :- ऑनलाइन शिक्षा में भी फर्जी साधनों का इस्तेमाल न करे।

अन्ततः 'मानसिक तनाव' भी अनुशंसाएं देगा।

(c) ऑनलाइन शिक्षा सुधार

पहुँच

- रतन-वटल समिति के अनुसार सरकार को शिक्षा के साधनों का -

गुणवत्ता

- उचित तकनीक का प्रयोग
- रोचक बनाये जाने

| | |
|---|---|
| पर ज़ोर | - मोबाइल मुफ्त करना। |
| - चित्रों - श्रव्य साधनों का प्रयोग। | - दर कम करना। जैसे उपाय करने चाहिये। |
| - केवल निश्चित समय तक ही क्लास चलाना। | - मोहल्ला क्लास उपागम का विकास - सभी बच्चे एक गैजेट पर क्लास ले सकें। |
| - शिक्षक प्रशिक्षण देना। | - डिजीटल जागरूकता बढ़ाना। |
| - छात्रों को प्रश्न - पूछने हेतु प्रोत्साहित करना | - स्टूडेंट डिस्काउंट का प्रचलन - NGO की मदद लेना। |

उपर्युक्त उपायों की सहायता से ऑनलाइन शिक्षा को भी सर्वजन-सुलभ, रोचक व गुणवत्तापूर्ण बनाकर अशिक्षा दूर करने के साथ साथ सतत विकास लक्ष्य - 4 की दिशा में बढ़ा जा सकता है